हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 4 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 13.5 डिग्री

विकसित हरियाणा विकसित भारत के विजन... 10


रोटरी क्लब ऑफ रोहतक हेरिटेज के 'होली हंगामा'... 10


SANGWAN INTERNATIONAL SCHOOL
C.B.S.E. AFF. NO. 532014
साँगवान इंटरनेशनल स्कूल
(A Co-Educational English Medium CBSE Affiliated School Nur. to XII All Streams)
School runs under the Leadership of MR. RAJESH SANGWAN (Chairman)
Ex. Petty Officer, Indian Navy
20 Years of Exp. in Defence Job Placement
आप सभी को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
ADMISSION OPEN Session: 2026-27
SCHOLARSHIP TEST SUNDAY 22nd MAR. 2026 CLASS 11th
MANISHA SANGWAN PRINCIPAL
NEAR MAKRAULI TOLL PLAZA, OPP. HANUMAN MANDIR, CHAMARIYA ROAD, ROHTAK-124001, For Contact : 7082001082, 84

## जमीन बेचने के नाम पर 23.20 लाख की धोखाधड़ी

- इकरारनामा की राशि लेने के बाद जमीन दूसरे व्यक्ति को बेचने का आरोप, चार लोगों पर केस दर्ज

**महम।** मोखरा गांव में एक परिवार ने रोहतक के एक व्यक्ति के साथ जमीन का सौदा तय कर लिया और इकरारनामा के तहत 23 लाख 20 हजार रुपये भी ले लिए। बावजूद इसके जमीन किसी अन्य व्यक्ति को बेच दी गई। पुलिस ने चार लोगों पर केस दर्ज कर लिया है।इस संबंध में रोहतक के सेक्टर 34 के सनसिटी एरिया निवासी बजरंग लाल पुत्र रतीभान ने बताया कि झज्जर जिले के भापड़ौदा गांव निवासी हरिओम पुत्र कृपा राम ने उसकी मुलाकात मोखरा के महिपाल पुत्र सूरजमल से हुई थी। महिपाल ने बताया कि वह अपने गांव में बढ़िया जमीन दिलवा देगा। वह और हरिओम जमीन देखने के लिए मोखरा गांव पहुंचे। यहां पर महिपाल ने उनकी मुलाकात जमीन मालिक राजबाला पत्नी रोहतास से करवाई। उन्होंने एक इकरारनामा दिखाया जो राजबाला और महिपाल के बीच हुआ था। बताया गया कि अब महिपाल जिसके नाम जमीन करवाना चाहेगा, वे उसके नाम जमीन करवा देंगे। कहा गया कि अब आप महिपाल के साथ एग्रीमेंट कर लें। जितनी रकम महिपाल कहे उतनी रकम उसको दे दो। जमीन मालिक और महिपाल पर भरोसा करते हुए उसने महिपाल के साथ 19 कनाल 18 मरले जमीन का सौदा तय कर लिया। इसकी एवज में उसने महिपाल को अलग अलग दिनों में कुल 23 लाख 20 हजार रुपए दे दिए। जमीन की रजिस्ट्री का दिन भी मुकर्रर हो गया था। लेकिन वह बदल गया।

**बेखौफ अपराधी :** फर्जी आईकार्ड पर टोल पार करना चाहते थे, रोका तो कर दी मारपीट

# मकड़ौली टोल पर गुंडागर्दी, गाड़ी में आए बदमाश, सुपरवाइजर को पीटकर चलते बने

**10 से 15 की संख्या में थे, टोल कर्मियों में दहशत**

*घायल सुपरवाइजर को पीजीआईएमएस में भर्ती कराया गया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मकड़ौली टोल प्लाजा पर ड्यूटी निभा रहे सुपरवाइजर श्रीभगवान पर मंगलवार को 10 से 15 युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल श्रीभगवान को तुरंत उपचार के लिए पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीजीआईएमएस) में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के बाद टोल कर्मचारियों में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


रोहतक। ब्लैक स्कॉर्पियो जिसमें बदमाश धमकी देकर गए।


रोहतक। गाड़ी में हमला करने आया युवक सीसीटीवी में कैद। फोटोः हरिभूमि

### आरोपियों को जल्द काबू कर लिया जाएगा

मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। घायल श्रीभगवान की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है, लेकिन उनके शरीर पर आई चोटें गंभीर हैं।

### सीसीटीवी खंगाले

मारपीट की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी तुरंत अपनी गाड़ी में सवार होकर मौके से फरार हो गए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने में जुट गई है।

### मूल पहचान पत्र दिखाने को कहा तो युवक भड़क गए

घायल सुपरवाइजर श्रीभगवान ने बताया कि 1 मार्च को वह मकड़ौली टोल प्लाजा की वीआईपी लाइन पर तैनात थे। इसी दौरान एक कार सवार युवक ने मकड़ौली गांव का आधार कार्ड दिखाते हुए टोल से फ्री निकलने की कोशिश की। संदेह होने पर श्रीभगवान ने उससे मूल पहचान पत्र दिखाने को कहा। इस बात पर युवक भड़क गया और बहस करने लगा। श्रीभगवान के अनुसार, युवक जाते-जाते उन्हें जान से मारने की धमकी देकर बोला, बाद में तुझे देख लेंगे। उस समय तो मामला शांत हो गया, लेकिन धमकी की बात सच साबित हुई। 3 मार्च मंगलवार को वही युवक तीन गाड़ियों में 10 से 15 लड़कों को लेकर टोल प्लाजा पर पहुंचा। उस समय श्रीभगवान ड्यूटी पर मौजूद थे। जैसे ही आरोपियों ने उन्हें देखा, सभी लड़के उनकी ओर दौड़ पड़े। हमलावरों के हाथों में लाठी-डंडे ही नहीं बल्कि लोहे की रॉड भी थीं। आरोप है कि बदमाशों ने बिना किसी बात के उन पर ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए। सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आईं। हमले के दौरान टोल पर अफरा-तफरी मच गई। अन्य कर्मचारियों ने किसी घायल सुपरवाइजर को अस्पताल पहुंचाया।

### गाड़ी की नंबर प्लेट पर मिट्टी लगाकर पहुंचे थे आरोपी

घटना की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में देखा गया कि हमलावर अपनी गाड़ियों की नंबर प्लेट पर मिट्टी लगाकर आए थे, ताकि पहचान छिपाई जा सके। इससे साफ है कि हमला पूर्व नियोजित था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। हमले में शामिल मुख्य आरोपी वही युवक बताया जा रहा है जिसने 1 मार्च को धमकी दी थी।

### कर्मियों में रोष, सुरक्षा की मांग

टोल कर्मचारियों ने घटना के बाद रोष जताया है। उनका कहना है कि यदि ड्यूटी के दौरान नियमों का पालन कराने पर इस तरह की घटनाएं होंगी तो कर्मचारियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। टोल प्लाजा पर स्थायी पुलिस सुरक्षा की मांग की है। फर्जी आईकार्ड के आधार पर टोल पार कराने से इनकार करना एक कर्मचारी के लिए इतना भारी पड़ जाएगा, यह किसी ने नहीं सोचा था। अब सभी की निगाहें पुलिस कार्रवाई पर टिकी हैं।

आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
केवल महिलाओं के लिए
BT-36
आयुर्वेदिक दवा
कैप्सूल व क्रीम
मिलते जुलते नामों से सावधान
Shop at: Amazon/Flipkart
सभी मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध
81998-30083, 92155-52751

Adhyayan Aastha Anushasan
THE AARYAN GROUP
Emphasises upon "Deep Learning Through Faith and Discipline"
CO-EDUCATIONAL ENGLISH MEDIUM SCHOOLS
THE AARYAN PUBLIC SCHOOL
LAKHAN MAJRA ROHTAK
CBSE AFFILIATION NO. 530793
theaaryanpublicschool@gmail.com
www.theaaryanpublicschool.edu.in
M. 9254343005, 9254343004
Wish you a very happy Holi Festival of Colors
THE AARYAN GLOBAL SCHOOL
7 K.M. STONE JHAJJAR ROAD, ROHTAK
CBSE AFFILIATION NO. 531654
tags418@gmail.com
www.tagsrtk.edu.in
M.7082209901, 7082209903

## सुडाना में जानलेवा हमले का एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पुलिस ने गांव सुडाना निवासी प्रदीप व उसके परिवार पर हुए जानलेवा हमले के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया गया है तथा मामले की गहनता से जांच जारी है। थाना कलानौर के प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह ने बताया कि प्रदीप की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि प्रदीप के पिता गांव सुडाना के भांजे हैं और यहीं निवास करते हैं। उनके नाना की करीब 6 किले जमीन प्रदीप के हिस्से में आती है। इसी जमीन को लेकर दिलावर और उसके परिवार के साथ कई वर्षों से विवाद चला आ रहा है। 2 मार्च को सुबह करीब 9 बजे प्रदीप, उसकी पत्नी, भाई और माता बाइक से खेत की ओर जा रहे थे। गांव में रविंद्र के मकान के पास पहुंचते ही दिलावर, श्रीभगवान, सज्जन, तजेबीर, दीपक व अन्य लोगों ने तेजधार हथियारों और लाठी-डंडों से घेरकर हमला कर दिया। मामले की जांच पीएसआई दिनेश द्वारा की गई। जांच के दौरान उसी दिन आरोपी रमेश उर्फ मोनू पुत्र रणधीर निवासी गांव रुड़की को गिरफ्तार कर लिया गया।

## 6.9 ग्राम हेरोइन के साथ युवक पकड़ा

*पुलिस ने इंद्रा कॉलोनी से गश्त के दौरान दबोचा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस के एएनसी स्टाफ ने गश्त के दौरान एक युवक को नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 6.9 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया गया है। मामले की गहनता से जांच जारी है। एएनसी स्टाफ के प्रभारी पीएसआई मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस टीम इंद्रा कॉलोनी क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। पूछताछ में उसकी पहचान सुदामा पुत्र सूरजभान निवासी इंद्रा कॉलोनी के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके पास से 6.9 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना शहर रोहतक में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

KVM GROUP SINCE 1999
GD GOENKA SCHOOL
Thrive. For Life.
Rohtak
HAPPY होली
Admissions Open Session - 2026-27
Integrated Coaching Class From Class 6th Onwards
IIT-JEE NEET-UG NDA OLYMPIAD EXAMS
+91-8222911802, 8222911805
www.gdgoenkarohtak.com info@gdgoenkarohtak.com

GD Goenka Suncity
TODDLER HOUSE
Early Learning | Kindergarten | Day Care
ADMISSION OPEN 2026-27
FOR A BETTER TOMORROW GET THE BEST OF TODAY
gdgoenkatoddler.rohtak@gmail.com
70564-80005, 70565-80005
ENROLL NOW
SPECIAL OFFER
NO ADMISSION FEE EXTRA HIDDEN CHARGES
DAY CARE FACILITY
INTERNATIONAL CURRICULUM
Yoga, Gymnastics & Zumba
Activity based learning
AI based Robotics Lab
Least Teacher Student Ratio
Under CCTV surveillance
आप सभी को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Holi
Why Choose us?
International Curriculum.
Montessori materials used for hands on learning for children.
Audio/Visual Rooms & Robotics Lab.
Trained and well-groomed teachers.
AC transportation for Pick-up and drop.
Activities are age appropriate.
Clean and hygienic environment.
Well trained support staff.
Well equipped playgrounds
Air-conditioned rooms with child friendly furniture for activities.
We are HIRING
ONLY FEMALE CAN APPLY
Principal
PRO/ Admission Counselor
Mother Teachers
Drivers (M)
Helpers / Sweepers
Minimum 3 Yrs. Experience
SALARY NO BAR FOR DESERVING CANDIDATES Proficiency in English is Must
Send your CV to gdgoenkatoddler.rohtak@gmail.com
Near Water Tank, C-Block, Sec.-36, Suncity, Rohtak-124001 M.: 7056480005,7056580005

## प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में बजट पर चर्चा विषय पर प्रेसवार्ता में बोले मंत्री

# विकसित हरियाणा विकसित भारत के विजन के दृष्टिगत बनाया गया बजट : डॉ. अरविंद

### बजट में गत वर्ष की तुलना 10.28 प्रतिशत की हुई वृद्धि

- सहकारिता क्षेत्र को बड़ी सौगात, 70 .36 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ 1970 करोड़ का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

हरियाणा के सहकारिता, निर्वाचन, जेल, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने वर्ष 2026-27 के बजट को प्रदेश के सर्वांगीण विकास, ग्रामीण सशक्तिकरण और सहकारिता क्षेत्र के उत्थान के लिए ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित हरियाणा-विकसित भारत के विजन के दृष्टिगत बनाया गया है। रोहतक स्थित कोऑपरेटिव मैनेजमेंट सेंटर को को ऑपरेटिव कॉलेज के रूप में विकसित किया जाएगा और इसे त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय से जोड़ा जाएगा।

डॉ. अरविंद शर्मा स्थानीय बीजेपी प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में बजट पर चर्चा विषय पर प्रेसवार्ता में पत्रकारों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार का बजट जनभागीदारी पर आधारित है, जिसमें 12,400 से अधिक सुझाव प्राप्त हुए, जिनमें से लगभग 5,000 सुझावों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण को महत्व देते हुए वायु क्लीनिंग के लिए 2716 करोड़ रुपये का बजट में प्रावधान किया गया है। नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए 5715 करोड़ रुपये आबंटित किए गए है।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा के सहकारिता, निर्वाचन, जेल, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी शमशेर खरक, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, जिला मीडिया प्रभारी पंकज भारद्वाज, दीपक निवास हुड्डा, मार्केट कमेटी चेयरमैन उदय भान मलिक, कोपरेटिव बैंक चेयरमैन हरीश कौशिक सहित अन्य पार्टी के पदाधिकारी व गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### इतनी घोषणाएं की पूरी

निर्वाचन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प में हरियाणा की भागीदारी मिल का पत्थर साबित होगी। शुगर फैड का विकसित भारत में विशेष योगदान रहेगा। सरकार द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान किये गए 217 संकल्पों में से 60 संकल्प पूर्ण किए जा चुके है। सरकार द्वारा 2025-26 के बजट का 98 प्रतिशत खर्च किया गया है। किसानों को सीधी बिक्री के लिए ग्रामीण हाट स्थापित होंगे, जिन्हें मंडियों से जोड़ा जाएगा।

### एक लाख युवाओं को मिलेगी एआई की ट्रेनिंग

कारागार मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा एआई को बढ़ावा देने के लिए 774 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रदेश एक लाख युवाओं को एआई का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### 10.28 प्रतिशत अधिक है बजट

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि 2 लाख 23 हजार 658 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.28 प्रतिशत अधिक है। सहकारिता क्षेत्र के लिए बजट में 70.36 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 1970 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मंत्री ने बताया कि प्रदेश की 804 पैक्स को सशक्त किया जाएगा तथा 300 पैक्स को लाभ में लाने का लक्ष्य रखा गया है। पैक्स में 25 तरह के कार्य किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 6 वीटा प्लांट कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 2000 नए वीटा बूथ खोले जाएंगे, जिनमें महिलाओं को 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा।

## हमारी समृद्ध सांस्कृतिक को आगे बढ़ाएगा रंगोत्सवः डॉ. शर्मा

रोहतक। विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार प्रदेश के टूरिस्ट कॉम्प्लेक्सों को घूमने-फिरने का स्थान ही नहीं, अपितु प्रादेशिक संस्कृति अनुभव का केन्द्र भी बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। लोक परंपराओं को बेहतर मंच देने के साथ-साथ बेहतर आतिथ्य के तौर पर पर्यटन विभाग के काम्प्लेक्स अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। मंगलवार को विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित रंगोत्सव 2026 कार्यक्रम के तहत तिलियार लेक पर आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में शिरकत की, विभाग के एजीएम राजपाल द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंगों का यह पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। पर्यटन मंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश के 22 टूरिस्ट कॉम्प्लेक्सों में एक साथ रंगोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना, पर्यटन को नई गति देना और परिवारों को सुरक्षित एवं आनंदमय वातावरण में त्योहार मनाने का अवसर प्रदान करना है। तिलियार लेक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में लोक कलाकार रमेश कलाहवडिया एवं कलाकार सलीम की टीम द्वारा हरियाणवी रागनी, ब्रज एवं अन्य पारंपरिक लोकगीतों और नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे कलाकारों ने दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह के दौरान फूलों की होली खेली गई, जिसमें उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक-दूसरे को पुष्प वर्षा के माध्यम से बधाई दी। रंग, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच तिलियार लेक परिसर उत्सव के रंगों से सराबोर नजर आया।



आयोजित कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा का स्वागत करते विभाग के एजीएम राजपाल।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस नेता एवं पूर्व गृहमंत्री सुभाष बत्रा।

## पूर्व गृहमंत्री को मिल रही धमकियां जमीन मामले में उठाई थी आवाज

रोहतक। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व गृहमंत्री सुभाष बत्रा ने आईएमटी चौक के पास साढ़े 18 एकड़ जमीन घोटाले को लेकर सीबीआई एवं हाई कोर्ट के सीटिंग जज से जांच करवाने की मांग की है। उन्होंने सीएम नायब सिंह सैनी को पत्र भेजकर जांच के लिए लिखा है।साथ ही बताया कि उन्हें धमकियां भी मिल रही हैं। पूर्वमंत्री सुभाष बत्रा ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि आईएमटी चौक पर जो साढ़े 18 एकड़ जमीन है, वह 1986 में एक इंडस्ट्रीयल फाइनेंस कारपोरेशन को 90 साल के पट्टे पर दी हुई है। जो जमीन पट्टे पर दी गई है, उसे बेच नहीं सकते। जब तक पट्टा रद्द नहीं होता, तब तक उस पर काम नहीं हो सकता। पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि साढे 18 एकड़ जमीन पर चारदिवारी के अंदर करीब 500 पेड़ काट दिए, जो गलत है। सुभाष बत्रा ने बताया कि जमीन से करोड़ों रुपए का स्क्रैप बेचा गया है और कॉलोनी काट रहे हैं। सुभाष बत्रा ने कहा कि जब तक पट्टा रद्द नहीं होता, तब तक उसे बेचा नहीं जा सकता।



### एमडीयू में खेली फूलों की होली

रोहतक। एमडीयू परिसर में फूलों की होली बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। गुलाब वाटिका में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन सपना और प्रो. सविता राठी ने किया। उन्होंने होली के पर्व की सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. रितु, डॉ. मनीषा, डॉ. प्रीति, डॉ. काजल, नीरज, रीना, दया, अनीता, मेनका और शोभना उपस्थित रही।

## आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में बच्चों ने उत्साह-धूमधाम से मनाई होली



रोहतक। अंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में होली का पर्व बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर रंगों और खुशियों से सराबोर नजर आया। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने विभिन्न गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। बच्चों का उत्साह और उमंग देखते ही बनता था। अध्यापकों ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा आपस में भी रंगों के इस पर्व की बधाई दी। बच्चों को चॉकलेट वितरित कर उनका मुँह मीठा करवाया गया। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त सचिन गुप्ता, उपाध्यक्ष राम अवतार गुप्ता और सचिव राजेश कुमार सहगल ने मॉडल स्कूल परिवार की ओर से सभी को होली की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने विद्यार्थियों के सांस्कृतिक उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें उपहार प्रदान किए। उपप्रधानाचार्या आशिता भांबरी उपस्थित रहीं।

## राम कथा का पंचम दिवस : त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति थे भरतः आचार्य गिरी



रोहतक। ब्रह्मलीन 1008 स्वामी अमृतानंद महाराज के 24वें निर्माण दिवस के पावन अवसर पर स्वामी अमृतानंद सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के पंचम दिवस पर भक्तिभाव का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम स्वामी अमृतानंद मेमोरियल पार्क, सब्जी मंडी गांधी कैंप, रोहतक में आयोजित किया जा रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी राजेश जैन (एमडी, एलपीएस बोसार्ड) उपस्थित रहे। कथा व्यास ब्रह्म वेदामृत पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर आचार्य विश्वेश्वरानंद गिरी ने श्रीराम कथा का रसपान कराते हुए कहा कि पृथ्वी पर भरत त्याग और समर्पण की साक्षात प्रतिमूर्ति थे। इस अवसर पर उप आचार्य गोकर्ण पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज का सानिध्य एवं आशीर्वचन भी प्राप्त हुआ। अतिथियों का भगवान के नाम का पटका पहनाकर एवं प्रभु श्रीराम दरबार का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

## रोहतक पुलिस सख्त : नशे में धुत 25 वाहन चालकों के चालान काटे

रोहतक। होली के पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए रोहतक पुलिस ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। शहर और जिलेभर में प्रमुख स्थानों पर नाकाबंदी कर वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर विशेष नजर रखते हुए अल्कोहल सेंसर के साथ नाके लगाए गए हैं। पुलिस ने अभियान के दौरान 25 वाहन चालकों के चालान किए, जो नशे की हालत में वाहन चला रहे थे। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने बताया कि होली व धुल्हंडी के अवसर पर कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए शहर के संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। बाजारों, मुख्य चौराहों और रिहायशी इलाकों में पैदल पेट्रोलिंग कर हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। त्योहार के दौरान कुछ शरारती तत्वों द्वारा हुड़दंग और अनुशासनहीनता की घटनाओं को रोकने के लिए विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सड़क पर बुलेट मोटरसाइकिल के साइलेंसर से पटाखे जैसी आवाज निकालकर माहौल बिगाड़ने वाले युवकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आदतन अपराधियों और शरारती तत्वों की गतिविधियों पर भी पुलिस की कड़ी नजर है। जरूरत पड़ने पर त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस लाइन में रिजर्व बल को तैयार रखा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मौके पर पहुंचकर हालात को नियंत्रित किया जा सके।

## उपकार हाई स्कूल में हर्बल रंगों से मनाया होली पर्व

**कार्यक्रम का समापन मेल-मिलाप और शुभकामनाओं के साथ हुआ**

रोहतक। उपकार हाई स्कूल में होली का पर्व हर्षोल्लास और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ मनाया गया। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. वैभव कायत के नेतृत्व में शिक्षकगण ने हर्बल रंगों से एक-दूसरे को तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. कायत ने कहा कि होली प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है, जिसे सुरक्षित और प्राकृतिक तरीके से मनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों से केमिकल रंगों से दूर रहने तथा हर्बल व प्राकृतिक रंगों के प्रयोग का आग्रह किया। कार्यक्रम का समापन आपसी मेल-मिलाप और शुभकामनाओं के साथ हुआ।



## रोटरी क्लब ऑफ रोहतक हेरिटेज के 'होली हंगामा' कार्यक्रम में दिखा उमंग व उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



रोटरी क्लब ऑफ रोहतक हेरिटेज के सभी सदस्यों ने मिलकर 'होली हंगामा' के तहत होली का पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में रंगों, संगीत और आपसी मेल-मिलाप का अनूठा संगम देखने को मिला। सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। क्लब के अध्यक्ष डॉ. राजीव धमीजा ने इस अवसर पर कहा कि होली रंगों का ही नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करने का पर्व है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे पुराने गिले-शिकवे भुलाकर प्रेम और सद्भाव के साथ एक-दूसरे को गले लगाएं और त्योहार मनाएं।

डॉ. धमीजा ने यह भी संदेश दिया कि होली खेलते समय केमिकल रंगों का प्रयोग न करें, क्योंकि इससे त्वचा और पर्यावरण दोनों को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने सभी से हर्बल और प्राकृतिक रंगों का उपयोग करने का आग्रह किया, ताकि त्योहार सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाया जा सके।

### आदर्श स्कूल मदीना में बच्चों ने खेली होली

महम। आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में रंगों का त्योहार होली उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली का त्योहार मनाया और एक दूसरे को होली पर्व की बधाई दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजु लता ने सभी अध्यापकों और छात्रों को रंगोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। यह पर्व हमें प्रेम और भाईचारे की सीख देता है। इसलिए हमें आपसी वैमनस्य को भुलाकर सांप्रदायिक सद्भावना का परिचय देते हुए इस पर्व को मनाना चाहिए। इस दौरान मंजुलता ने विद्यार्थियों को कैमिकलयुक्त रंगों से अपनी त्वचा और आंखों को बचाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि होली के दौरान कई बच्चे और बड़े चोटिल हो जाते हैं। इसलिए भाग दौड़ से बचना चाहिए और सावधानी रखनी चाहिए।

## खरावड़ गोशाला में तीन दिन चली लोक गायन स्पर्धा का समापन


हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

गांव खरावड़ में 2015 में बाबा टहल नाथ पीड़ित गौ सेवा धाम की स्थापना तत्कालीन रोहतक के आईजी, श्रीकांत जाधव , बाबा भैरवनाथ और गौ सेवक डॉक्टर जगदीश मलिक के प्रयासों से हुई थी। तभी से प्रतिवर्ष फरवरी में गोशाला स्थापना दिवस पर गो माता की सेवा में दान एकत्रित करने के लिए हरियाणवी लोक गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी 28 फरवरी से 2 मार्च तक शानदार तरीके से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गांव के पूर्व सरपंच विजेंद्र मलिक , अटायल के गौभक्त पूर्व सरपंच रामफल लीलू मलिक और गौशाला सेवा समिति खरावड़ के भागीरथी प्रयासों से लोक गायन प्रतियोगिता हुई। रामपाल महाराज की तरफ से 80 / 40' फुट की 50 लाख से गोमाता के लिए शेड बनवाने की घोषणा की। वही गांव के डीएसपी रणधीर सिंह मलिक ने बहन विमला की याद में 12.5 लाख से शेड का निर्माण करवाकर गोशाला को भेंट की।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में दानियों को सम्मानित करते बाबा टहल नाथ पीड़ित गो सेवा धाम के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि












हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 4 मार्च 2026

12 स्वरोजगार के लिए 15 महिलाओं दी जाएगी 21...

12 सेक्टर-4 एक्सटेंशन में टूटी सड़क पर 'सड़क...





## 24 दिन से नहीं आ रहा था जेएलएन में पानी, अब मिलेगी कुछ राहत

# अब होली नहीं रहेगी सूखी, नहर में आया 500 क्यूसिक पानी

### 16 दिन चलता है नहर में पानी, चारों जलघर पड़ गए थे सूखे, मांगा था 2500 क्यूसिक पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक में इस बार होली सूखी नहीं रहेगी। लंबे इंतजार के बाद शहर को आखिरकार पानी मिल गया है। 24 दिनों से बंद पड़ी जलापूर्ति व्यवस्था के कारण लोग परेशान थे, लेकिन अब जेएलएन में 500 क्यूसिक पानी की आपूर्ति शुरू होने से हालात में सुधार की उम्मीद है। हालांकि सिंचाई विभाग ने सरकार से 2500 क्यूसिक पानी की मांग की थी, लेकिन फिलहाल सिर्फ 500 क्यूसिक पानी मिलने से आंशिक राहत ही मिल पाई है। इन हालात में आने वाले दिनों में पेयजल की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

शहर की मुख्य जलापूर्ति व्यवस्था जेएलएन नहर परियोजना से जुड़ी है, जहां पिछले 24 दिनों से पानी नहीं आ रहा था। आमतौर पर जेएलएन में 16 दिन तक पानी की सप्लाई चलती है, लेकिन इस बार लंबा अंतराल होने से संकट गहरा गया। स्थिति इतनी गंभीर हो गई थी कि शहर के चारों प्रमुख जलघर पूरी तरह सूख गए थे। टंकियों में पानी खत्म होने के कारण सप्लाई ठप हो गई और लोगों को मजबूरन बाजार से पानी खरीदना पड़ा।

### हैंडपंप से चला रहे काम

पानी की कमी का असर सबसे ज्यादा बाहरी कॉलोनियों में देखने को मिला। इन इलाकों में रहने वाले लोग हैंडपंप के सहारे अपनी जरूरतें पूरी कर रहे थे। कई स्थानों पर सुबह-सुबह पानी भरने के लिए लंबी कतारें लग जाती थीं। महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि गर्मी की शुरुआत में ही इस तरह का संकट प्रशासन की तैयारी पर सवाल खड़े करता है।

### होली पर न बहाएं जल

सिंचाई विभाग और जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि वह होली पर जल का दुरुपयोग न करें। इसके केवल जरूरी कार्यों और पीने के लिए ही प्रयोग करें। एक दूसरे पर पानी डालने, आने जाने वाले वाहनों पर पानी डालने से बचें। ताकि हर व्यक्ति तक जल पहुंच सके।

### टैंकर भी भेजे गए

जन स्वास्थ्य विभाग ने स्थिति को संभालने के लिए टैंकरों की व्यवस्था की, लेकिन मांग के मुकाबले यह नाकाफी साबित हुई। कई मोहल्लों में टैंकर समय पर नहीं पहुंच पाए, जिससे लोगों में नाराजगी देखी गई। कुछ स्थानों पर पानी को लेकर विवाद की स्थिति भी बनी।

### 500 क्यूसिक से कैसे होगा गुजारा

अब 500 क्यूसिक पानी मिलने से शहर की जलापूर्ति आंशिक रूप से बहाल होने की उम्मीद है। अधिकारियों के अनुसार, प्राथमिकता के आधार पर पहले मुख्य टंकियों को भरा जाएगा, ताकि नियमित सप्लाई शुरू की जा सके। अधिकारियों का कहना है कि 2500 क्यूसिक की तुलना में 500 क्यूसिक पानी काफी कम है और यदि जल्द अतिरिक्त पानी की व्यवस्था नहीं की गई तो संकट फिर गहरा सकता है।

### 16 दिन रहती है पानी की सप्लाई

जेएलएन में 16 दिन पानी की सप्लाई रहती है। अब पानी आ गया है। 2500 क्यूसिक पानी की मांग की गई थी लेकिन अभी मात्र 500 क्यूसिक ही पानी मिला है।

*-रामनिवास एक्सईएन, सिंचाई विभाग*

## होली पर झगड़ों के कारण अधिक आते हैं मरीज

# पीजीआई के आपातकालीन विभाग एवं ट्रामा सेंटर ने मांगा अतिरिक्त स्टाफ

- एमएस डॉ कुंदन मित्तल की तरफ से भेजे गए अलग-अलग विभागाध्यक्षों को पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पीजीआई के आपातकालीन विभाग एवं ट्रॉमा सेंटर ने बुधवार को होली पर्व को देखते हुए अतिरिक्त स्टाफ की मांग की है। हर वर्ष की तरह इस बार भी त्योहार के दौरान शराब के नशे, आपसी झगड़ों, सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित हादसों में घायल होकर सैकड़ों मरीज अस्पताल पहुंचते हैं। जिसकी वजह से स्टाफ की कमी खलती है। पीजीआईएमएस के एमएस डॉ. कुंदन मित्तल की ओर से विभिन्न विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर अतिरिक्त डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और पैरामेडिकल कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अस्पताल प्रशासन का उद्देश्य यह है कि आपात स्थिति में आने वाले मरीजों को बिना देरी के उपचार मिल सके और ट्रॉमा सेंटर पर अनावश्यक दबाव न बढ़े।

### सभी एचओडी से मांगा सहयोग

भेजे गए पत्र में शिशु रोग विभाग, आर्थो विभाग, सर्जरी विभाग, मेडिसिन विभाग, ईएनटी विभाग और नर्सिंग अधीक्षक सहित सभी एचओडी से विशेष रूप से सहयोग मांगा गया है। पीजीआईएमएस ने स्पष्ट किया है कि होली के दिन और उसके आसपास के दिनों में इमरजेंसी सेवाओं को पूरी तरह सक्रिय रखा जाएगा। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त ड्यूटी रोस्टर भी लागू किया जाएगा। पत्र में डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, पैरा मेडिकल स्टाफ और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की मांग की गई है।

### हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर

सांपला। होली पर्व पर हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। कस्बे में चौकों पर पुलिस बल तैनात कर दिया है। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने लोगों से पर्व पर हुड़दंग बाजी न करें और प्रेम भाव से इस रंगों भरे त्यौहार को उमंगों से मनाएं। पर्व पर हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। अगर किसी ने शांति भंग करने की कोशिश की तो उसने खिफ कानूनी कार्रवाई होगी। महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस भी तैनात कर दी गई है। मंगलवार को भी लोग एक दूसरे को गुलाल लगा कर सुबह कामना देते नजर आए। बुधवार को फाग मनाया जाएगा।

## सत्यवान हत्याकांड: मुख्य आरोपी डागर मुठभेड़ के बाद दबोचा

**रोहतक।** बहुचर्चित सत्यवान अपहरण व हत्या मामले में पुलिस व सीआईए-2 स्टाफ की टीम ने मुख्य आरोपी प्रदीप डागर को उसके साथी सोमबीर के साथ कन्हेली–पहरावर रोड पर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी किसी हथियारों सहित किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने जा रहे थे। इससे पहले ही सीआईए-2 की टीम ने दोनों आरोपियों को दबौच लिया है। दोनों आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई। मुठभेड़ के दौरान दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी। उन्हें तुरंत उपचार के लिए पीजीआईएमएस में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक देसी पिस्तौल, एक रिवाल्वर, तीन जिंदा राउंड और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतीक अग्रवाल के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया, जिसमें थाना आईएमटी, सीआईए-1, सीआईए-2 और साइबर सेल की टीमें शामिल की गईं।


पीजीआई में उपचाराधीन प्रदीप डागर।

# एचबीएसई: जिले में 3758 छात्रों ने दी शारीरिक शिक्षा की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा की मंगलवार को 12वीं कक्षा की शारीरिक शिक्षा विषय की परीक्षा आयोजित की गई। जिला प्रशासन द्वारा किये गए पुख्ता प्रबंधों के बीच शांतिपूर्वक व पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। जिला में कुल 3824 विद्यार्थियों में से 3758 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 66 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को सुचारू ढंग व नकल रहित संपन्न करवाने के दृष्टिगत उड़नदस्ते गठित किये गए है तथा डयूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किये गए है। पुलिस द्वारा भी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गए है। जिला में इन बोर्ड परीक्षाओं के 45 परीक्षा केंद्र स्थापित है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आगामी एक अप्रैल तक 12वीं कक्षा की परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है। इसी तरह आगामी 20 मार्च तक 10वीं कक्षा की परीक्षाएं तथा डीएलएड की परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है। जिला में बोर्ड परीक्षाओं की निगरानी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष 01262-271871 है।


रोहतक। परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर लौटती छात्राएं। *फोटो: हरिभूमि*

### पेपर को लेकर संतुष्ट दिखे विद्यार्थी

विद्यार्थियों ने बताया कि शारीरिक शिक्षा का पेपर बहुत आसान आया हुआ था। सभी प्रश्न आसानी से हल हो गए थे। कोई भी प्रश्न बाहर से नहीं आया हुआ था। सभी प्रश्न एनसीआरटी से आए हुए थे। सानिया ने बताया कि प्रश्न को हल करते समय ज्यादा समय नहीं लगा। सपना ने बताया कि 60 अंक का पेपर था। पेपर समय से पहले हो गया था। उन्होंने बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्न आए हुए थे। मनष्वी ने बताया कि प्रतियोगिताओं से संबंधित प्रश्न आए हुए थे। पेपर बहुत अच्छा हुआ है। लगभग 55 नंबर आ जाएगे।


रोहतक। बाजार में खरीदारी करते लोग। फोटो: हरिभूमि

### चंद्रग्रहण के बाद रंगोत्सव आज, बाजारों में उमड़ी भीड़

रोहतक। होलिका दहन के उपरांत मनाया जाने वाला रंगोत्सव इस वर्ष चंद्रग्रहण के कारण एक दिन बाद धूमधाम से मनाया जा रहा है। परंपरानुसार होलिका दहन के अगले दिन दुल्हेंडी पर रंग-गुलाल उड़ाया जाता है, लेकिन मंगलवार को पड़े चंद्रग्रहण के चलते बुधवार को जिलेभर में फाग उत्सव मनाया जाएगा। ग्रहण के प्रभाव को देखते हुए धार्मिक मान्यताओं के अनुसार समय में बदलाव किया गया। अब आज शहर से लेकर गांवों तक रंगों की बौछार के साथ होली की खुशियां बिखरेंगी। साथ ही पुलिस द्वारा जगह जगह नाकाबंदी कर सुरक्षा बढ़ाई गई है।

### चंद्रग्रहण के कारण बदला आयोजन का समय

पंडित संदीप झा के अनुसार मंगलवार को दोपहर 3:20 बजे से शाम 6:47 बजे तक चंद्रग्रहण रहा। भारत में इसका प्रभाव शाम के समय देखने को मिला। क्षेत्र विशेष में ग्रहण का समय अलग-अलग रहा, जिसके चलते दुल्हेंडी का आयोजन अगले दिन करने का निर्णय लिया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सूतक काल के दौरान शुभ कार्यों से परहेज किया जाता है, इसलिए रंगोत्सव का कार्यक्रम बुधवार को रखा गया। ग्रहण समाप्त होते ही लोगों में उत्साह दोगुना नजर आया और बाजारों में खरीदारी की रफ्तार तेज हो गई। रंगोत्सव को लेकर मंगलवार को शहर के मुख्य बाजारों, चौक-चौराहों और कॉलोनियों में दिनभर रौनक रही।

## अलग-अलग स्थानों से अवैध शराब संग 4 दबोचे, 56 बोतल व 100 पव्वे बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 4 युवकों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 56 बोतल और 100 पव्वे शराब बरामद किए गए हैं। सभी पर अलग-अलग अभियोग दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

थाना आर्य नगर के प्रभारी पीएसआई बिजेंद्र ने बताया कि मुख्य सिपाही देवेंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम गांधी कैंप मार्केट में गश्त पर थी। सूचना के आधार पर पुरानी आईटीआई कम्युनिटी सेंटर के पीछे से तरुण उर्फ बली पुत्र नरेंद्र निवासी गांधी कैंप को काबू किया गया। तलाशी में उसके पास से 14 बोतल शराब बरामद हुई। उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया। थाना महम पुलिस ने गांव भैणी सुरजन के पास से रविंद्र पुत्र राजेंद्र निवासी सैमाण को 30 बोतल शराब सहित गिरफ्तार कर अभियोग दर्ज किया। थाना पुरानी सब्जी मंडी पुलिस ने गोहाना अड्डा के पास से सत्यवान पुत्र हरिकेश निवासी डेयरी मोहल्ला को 12 बोतल व 48 पव्वे शराब सहित काबू कर केस दर्ज किया।









## शहर में आज

- ⏭ दुल्हेंडी पर शहर में अलग-अलग जगहों पर होली मिलन समारोह सुबह 10 बजे।
- ⏭ होली के उपलक्ष्य में आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे

# स्वरोजगार के लिए 15 महिलाओं को मिलेगी ड्राइविंग ट्रेनिंग

## कन्हेली स्थित चालक प्रशिक्षण केंद्र में देंगे 21 दिन की ट्रेनिंग, वाहन खरीदने के लिए सस्ता कर्ज भी मिलेगा

**तत्कालीन आईजी जाधव ने गुलाबी ऑटो रिक्शा सेवा की करवाई थी शुरुआत, अब नगर निगम ने की तैयारी महिलाएं होंगी आत्मनिर्भर**

अमरजीत एस गिल ⏭ रोहतक

लगभग दस-बारह साल पहले रोहतक के तत्कालीन आईजी श्रीकांत जाधव ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक नई पहल की थी। जिसके तहत महिलाओं को ड्राइवर की ट्रेनिंग देकर उन्हें ऑटो दी गई थी। ताकि वे उसकी कमाई से अपने परिवार का पेट पाल सकें। अब हरियाणा महिला विकास निगम महिलाओं को ड्राइवर की ट्रेनिंग देने जा रहा है। इसके लिए बकायदा ऑनलाइन आवेदन पत्र मांग थे। गत 28 फरवरी आवेदन की अंतिम तिथि थी। निगम के पास 18 महिलाओं ने चालक का प्रशिक्षण लेने के लिए आवेदन किया है। लेकिन निगम 15 महिलाओं को ही एक बार में ट्रेनिंग दिला सकता है। ट्रेनिंग कन्हेली स्थित चालक प्रशिक्षण सेंटर में दिलाई जाएगी। ये सेंटर मारूति उद्योग द्वारा संचालित किया जाता है। निगम के मुताबिक 21 दिन की ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रशिक्षण के बाद लाइट लाइसेंस भी मिलेगा। ताकि महिलाएं ऑटो, कार समेत दूसरे लाइट कमर्शियल व्हीकल चलाकर अपना रोजगार शुरू कर सकें। ऑटो खरीदने के लिए सस्ती ब्याज दर पर कर्ज के इंतजाम भी निगम की तरफ से करने की बात फिलहाल कहीं जा रही है।

### 2016 में 21 महिलाएं चला रही थी गुलाबी ऑटो

प्राप्त हुए 18 आवेदनों की अब जांच पड़ताल निगम द्वारा की जाएगी। उन्हीं महिलाओं के आवेदन स्वीकार किए जाएंगे, जिनके परिवार की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये तक है। महिला के पास लर्निंग लाइसेंस होना जरूरी है। आवेदक की उम्र 18 से 45 साल के बीच होनी चाहिए। ध्यान रहे कि रोहतक शहर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कुछ साल पहले गुलाबी (पिंक) ऑटो रिक्शा सेवा की शुरुआत की गई थी। ये महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर न केवल अपना और अपने परिवार का पेट पाल रही हैं, बल्कि शहर में सुरक्षित परिवहन का एक जरिया भी बन गई। शुरुआत में झिझक के बाद इनकी संख्या में काफी वृद्धि हुई। लेकिन अब मुश्किल से पांच सात महिलाएं भी पिंक ऑटो की आमदनी से अपने परिवार का पेट पाल रही होंगी। लेकिन वर्ष 2015-16 के आसपास इनकी संख्या 21 थी। अब नगर निगम एक बार फिर से महिलाओं का ड्राइविंग की ट्रेनिंग देगा।



### अगले सप्ताह आवेदनों की करवाई जाएगी जांच

निगम को ऑनलाइन 18 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि एक बार 15 महिलाओं को ट्रेनिंग देने का प्रावधान। अगले सप्ताह आवेदनों की जांच कराई जाएगी। जो 15 महिला सरकार द्वारा निर्धारित शर्त पूरी करेगी, उनको नगर निगम की तरफ से 21 दिन की ट्रेनिंग दिलवाई जाएगी।

-**राजकुमार यादव**, जिला प्रबंधक महिला विकास निगम, रोहतक

### निगम का प्रयास सराहनीय

निगम का कहना है कि इस पहल से शहर में महिला सशक्तिकरण का एक बड़ा उदाहरण महिलाओं को प्रोफेशनल ड्राइविंग कौशल से मिलेगा। इनके लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल महिलाओं को आत्मविश्वासी बनाते हैं, बल्कि समाज में लैंगिक समानता को भी बढ़ावा देते हैं। ट्रेनिंग के बाद रोजगार के अवसर टैक्सी, कैब, स्कूल वैन, एम्बुलेंस, सरकारी या निजी संस्थानों में ड्राईवर की नौकरी मिल सकती है। ऐप-आधारित कैब सेवाओं में काम करने का मौका ट्रेनिंग के बाद मिल सकता है। ट्रेनिंग के बाद स्वयं का वाहन चलाकर कमाई करने की स्वतंत्रता भी होती है। आर्थिक आत्मनिर्भरता नियमित आय का स्रोत मिलेगा परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## खबर संक्षेप



### बैठक में उठाई पेंशन अद्यतन की आवाज

**रोहतक।** रोहतक ज़िला बैंक सेवानिवृत्त एवं पेंशनर्स महासंघ की आमसभा वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति कार्यालय, मानसरोवर पार्क में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता के.एस. सैनी (एसबीआई ट्रेड यूनियन नेता) ने तथा सह-अध्यक्षता अश्वनी जुनेजा (केनरा बैंक) ने की। संचालन रविंदर सिक्का ने किया। बैठक में आईबीए मेडिकल इंश्योरेंस योजना में सेवानिवृत्त कर्मचारियों पर भारी प्रीमियम का मुद्दा उठाया गया। हरीश आज़ाद (पीएनबी) ने प्रीमियम बैंकों के कल्याण कोष से देने की मांग की। महासचिव एम.एल. अरोड़ा ने पेंशन अद्यतन, डीए विलय और अन्य लंबित मांगों पर प्रकाश डाला तथा बताया कि मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है, जिसकी अगली सुनवाई 12 मार्च को है। अश्वनी जुनेजा ने साइबर सुरक्षा पर जागरूक किया। अंत में होली मिलन समारोह में जैविक रंगों व फूलों से उत्सव मनाया गया और सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

### 18 मार्च को कोर्ट परिसर में होंगे चुनाव : उपायुक्त

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के चुनाव 18 मार्च को प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक जिला कोर्ट परिसर में स्थापित कुल छह मतदान केंद्रों पर होंगे। मंगलवार को तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय की बैठक में डीसी ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। डीसी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। पुलिस अधीक्षक को प्रत्येक मतदान केंद्र पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात करने, बैलेट बॉक्स व चुनाव सामग्री को सुरक्षित रूप से लाने तथा मतदान उपरांत सीलबंद बैलेट बॉक्स को लॉ भवन सेक्टर-37-ए चंडीगढ़ में जमा करवाने के लिए आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सेक्टर-4 एक्सटेंशन में टूटे रोड पर 'सड़क श्रद्धांजलि' की तैयारी

**लंबे समय से बदहाली झेल रहे लोग, अब नए तरीके से जताएंगे विरोध**

- व्यंग्यात्मक अंदाज में इन गड्ढों में प्राकृतिक खेती की संभावनाओं पर भी बैठक में की चर्चा
- कुछ लोगों ने इसे संघर्ष मार्ग तो कुछ ने जन जागरण पथ नाम देने का दिया सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सेक्टर-4 एक्सटेंशन के आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों और निवासियों ने मंगलवार एक विशेष बैठक में वर्षों से बदहाल पड़ी सड़क के मुद्दे पर बड़ा फैसला लिया। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि मार्च के तीसरे सप्ताह में एक विशाल सड़क श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन से अनुमति मांगी गई है और उपायुक्त को औपचारिक पत्र भेजा गया है। बैठक का दृश्य भी अपने आप में प्रतीकात्मक रहा। लगभग तीन वर्षों से टूटी पड़ी सड़क के बीचों-बीच बने बड़े गड्ढों के पास खड़े होकर निवासियों ने रोष व्यक्त किया। व्यंग्यात्मक अंदाज में इन गड्ढों में "प्राकृतिक खेती की संभावनाओं" पर भी चर्चा हुई। लोगों का कहना था कि जब सड़क का निर्माण नहीं हो रहा, तो कम से कम इन गड्ढों का उपयोग किसी रचनात्मक काम में ही कर लिया जाए। बैठक में सड़क के नामकरण को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। कई प्रस्ताव सामने आए, लेकिन किसी एक नाम पर सहमति नहीं बन सकी। कुछ लोगों ने इसे "संघर्ष मार्ग" तो कुछ ने "जन जागरण पथ" नाम देने का सुझाव दिया। इस विषय पर अंतिम निर्णय आगामी बैठक में लिया जाएगा। सेक्टर-4 एक्सटेंशन के प्रधान सुखबीर माथुर ने बताया कि यदि प्रशासन से अनुमति मिलती है तो कार्यक्रम को भव्य रूप दिया जाएगा। इसमें वार्ड के पार्षद, क्षेत्र के विधायक भूपिंदर सिंह हुड्डा (पूर्व मुख्यमंत्री) और हरियाणा के प्रतिष्ठित पत्रकारों को भी आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि क्षेत्र की समस्याओं को रचनात्मक तरीके से उठाने का प्रयास होगा। बैठक में डॉ. रणवीर सिवाच, रविंद्र हुड्डा, सूबेदार सूरत सिंह, बधवार, तेज सिंह, धर्मवीर राठी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।



### आयोजन के लिए नोडल अधिकारी किया नियुक्त

कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए प्रसिद्ध कलाकार व लेखक जगबीर राठी को नोडल अधिकारी मनोनीत किया गया है। वे आयोजन की सांस्कृतिक एवं व्यवस्थागत तैयारियों की जिम्मेदारी संभालेंगे। सड़क की खराब हालत के कारण बच्चों, महिलाओं और दूध सप्लाई करने वाले लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसी को देखते हुए निवासियों ने आपसी सहयोग से एक छोटे अस्थायी सेतु (पुलिया) का निर्माण किया, ताकि आवाजाही में कुछ राहत मिल सके।

**एचएसवीपी से निराश, भावुक हुए निवासी**: तीन वर्षों से समस्या झेल रहे सेक्टरवासी अब हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के अधिकारियों से निराश नजर आए। कई वरिष्ठ नागरिकों ने सड़क के पुराने स्वरूप को याद करते हुए भावुकता व्यक्त की और कहा कि कभी यह मार्ग सेक्टर की पहचान हुआ करता था।




### एमडीयू के जूलॉजी विभाग के छात्रों ने भिंडावास अभयारण्य का किया भ्रमण

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग द्वारा विश्व वन्यजीव दिवस के उपलक्ष्य में भिंडावास वन्यजीव अभयारण्य का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को वन्यजीवों, पक्षियों और प्राकृतिक आवासों का प्रत्यक्ष एवं व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था, जिससे उनकी विषयगत समझ और संवेदनशीलता विकसित हो सके। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की सृजनात्मकता और अवलोकन क्षमता को प्रोत्साहित करने के लिए डॉक्यूमेंट्री मेकिंग तथा ऑन-द-स्पॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। डॉक्यूमेंट्री मेकिंग प्रतियोगिता में निष्ठा (चतुर्थ सेमेस्टर) ने प्रथम, अंजलि (चतुर्थ सेमेस्टर) ने द्वितीय तथा रितु (चतुर्थ सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं ऑन-द-स्पॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिता में चंचल (चतुर्थ सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि निष्ठा मलिक और संजना ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह कार्यक्रम जूलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. मीनाक्षी शर्मा के कुशल मार्गदर्शन तथा प्रो. सुधीर के. कटारिया, प्रो. सुदेश रानी और डॉ. रंजना जयवाल के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा, जिसने उनकी जैव विविधता संबंधी समझ को सुदृढ़ किया तथा वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता को और मजबूत बनाया।

# जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया होली महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में होली का पर्व उत्साह, उमंग और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर गुलाल और अबीर के रंगों से सराबोर नजर आया। छात्र-छात्राओं के साथ हॉस्टल शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी पूरे जोश के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भाईचारे और शांति के संदेश के साथ हुई। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं तथा सांस्कृतिक गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। हॉस्टल शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ मिलकर उत्सव का आनंद लिया, जिससे वातावरण और भी खुशनुमा बन गया। विद्यालय के निदेशक विक्रांत मायना एवं सान्या मायना ने कहा कि होली प्रेम, सौहार्द और एकता का प्रतीक है।



उन्होंने विद्यार्थियों से प्राकृतिक रंगों के उपयोग और सुरक्षित होली मनाने का आग्रह किया। सहायक निदेशक हिमांशु गुप्ता ने भी सांस्कृतिक आयोजनों को सामाजिक मूल्यों के लिए महत्वपूर्ण बताया। विद्यालय प्रशासन द्वारा सुरक्षित रंग, मिठाइयों और जलपान की व्यवस्था की गई। अंत में "होली है" के जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# जीडी गोयनका टॉडलर हाउस, सनसिटी रोहतक में मनाया होली का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जीडी गोयनका टॉडलर हाउस, सनसिटी में होली का पावन पर्व उत्साह, उमंग और आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे परिधानों में सजे नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं की खुशियों से गुलजार रहा। बच्चों ने हर्बल गुलाल के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिससे वातावरण उल्लासमय हो उठा। निदेशक बलराज सिंह और अनामिका बलहारा ने सभी को सुरक्षित एवं भाईचारे की भावना से होली मनाने का संदेश दिया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं तथा प्रेम और एकता का परिचय दिया। अनामिका ने अपने संबोधन में होली के सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह पर्व प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को रासायनिक रंगों से दूर रहने और हर्बल व प्राकृतिक रंगों तथा फूलों का प्रयोग करने की सलाह दी, ताकि पर्यावरण सुरक्षित रहे। कार्यक्रम का समापन हंसी-खुशी और मंगलकामनाओं के साथ हुआ।




## खबर संक्षेप



### पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा जन जागृति अभियान

**रोहतक।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की मंगलवार को राज्य स्तरीयबैठक हुड्डा सिटी पार्क रोहतक में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता संगठन के राज्य अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल ने की। संचालन राज्य सचिव जयकरण मांडोठी ने किया। मीटिंग में संगठन ने फैसला लिया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ पूरे प्रदेश में जोरदार जन जागृति अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉमरेड सत्यवान एवं महासचिव कॉमरेड शंकर घोष ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की किसान मजदूर विरोधी नीतियों के कारण मेहनतकश जनता के जीवन की समस्याएं दिनों-दिन बढ़ रही हैं। हाल में अमेरिका-भारत व्यापार समझौते में देश के बड़े बड़े पूंजीपति कॉरपोरेट घरानों के स्वार्थ में किसान खेत मजदूरों के हितों की बलि दी गई है।



### महिलाओं को दी वित्तीय प्रबंधन की जानकारी

**रोहतक।** स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को वित्तीय प्रणाली की मूलभूत जानकारियों से अवगत कराने तथा सुरक्षित एवं समझदारी पूर्ण तरीके से वित्तीय लेन-देन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गांव चिड़ी में फील्ड-स्तरीय वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय रिज़र्व बैंक के अग्रणी जिला अधिकारी कंवल किशन ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य समूह की महिलाओं को वित्तीय रूप से सशक्त बनाना, उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा बैंकिंग सेवाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अपील की कि वे बैंकिंग सुविधाओं का अधिकतम उपयोग करें।

### नक्सलियों से मुठभेड़ में मोखरा का जवान घायल



**महम।** पश्चिम बंगाल में नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान मोखरा गांव निवासी सीआरपीफ के सहायक कमांडेंट अजय मलिक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए दिल्ली एम्स में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों से हुई मुठभेड़ के दौरान हुए विस्फोट में उसकी एक टांग खत्म हो गई है। मुठभेड़ के दौरान अजय मलिक ने अदम्य साहस का परिचय दिया। उन्होंने पश्चिमी बंगाल के जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान चला रखा था। आईईडी विस्फोट में घायल होने के बावजूद जवानों का नेतृत्व करते हुए वे मोर्चा पर डटे रहे। आरपीएफ को सूचना मिली थी कि पश्चिमी बंगाल के सिंहभूम जिले के सारंडा स्थित मरांग पोंगा वन क्षेत्र में नक्सली हैं। सीआरपीएफ ने सूचना के आधार पर नक्सलियों को घेर लिया। सुबह पांच बजे सीआरपीएफ जवानों के और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ के दौरान टीम का नेतृत्व कर रहे सहायक कमांडेंट अजय मलिक आईईडी विस्फोट में घायल हो गए।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## बदला मौसम : 26 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली पछुवा हवाएं

# पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, बादल छाएंगे, बारिश की संभावना नहीं

**8 मार्च तक मौसम रहेगा परिवर्तनशील तापमान में होगी हल्की बढ़ोतरी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिले में मंगलवार को दिनभर 20-26 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से शुष्क पश्चिमी हवाएं चली। जिससे तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं हो पाया। आने वाले दिनों में मौसम का रूख ऐसा ही बना रहने की उम्मीद है। चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. एमएल खिचड़ के मुताबिक राज्य में मौसम आमतौर पर 8 मार्च तक खुश्क, परंतु परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 4 मार्च रात्रि से 7 तक राज्य में कहीं कहीं आंशिक बादलवाई आने की संभावना है। इस दौरान बीच बीच में हवाओं में बदलाव आने तथा हल्की से मध्यम गति से हवाएं चलने की उम्मीद है। दिन के तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होने तथा रात्रि तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने की संभावना है। फिलहाल मौसम धुंधला बना हुआ है। दिन में धूप के साथ हल्की धूल-धुंध महसूस हो रही है। आने वाले दिनों में तापमान 33 से 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। यानी गर्मी का असर बना रहेगा। रात का तापमान सामान्य 16 से 21 के बीच रह सकता है। फिलहाल बारिश की कोई बड़ी संभावना नहीं दिख रही है। अधिकांश दिनों में मौसम शुष्क रहेगा। कुछ स्थानों पर बादलों का छिटपुट असर (आंशिक बादल) हो सकता है, लेकिन तेज वर्षा की उम्मीद नहीं है।



### किसानों को सलाह : गेहूं की करें हल्की सिंचाई

तेज हवाएं चल रही हैं। ऐसे में जमीन की नमी अब कम होगी। किसानों को गेहूं की सिंचाई हल्का-हल्का पानी लगाकर करनी चाहिए। अगर खेत में इस समय नमी कम नहीं होगी तो उसका फसल की पैदावार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। गेहूं का दाना पूरी विकसित नहीं हो पाएगा। जिससे दाने में कम भार रहेगा। अगर दाने का भार कम होगा तो फिर पैदावार भी कम ही होगी। गेहूं की पछेती किस्मों में तो हर हाल में इस समय सिंचाई करनी चाहिए। अगेती किस्मों में भी खेत में नमी कम है तो सिंचाई कर दी जाए। क्योंकि अभी फसल की कटाई में कम से 20-25 दिन और लगेंगे।